हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार 7 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 12.2 डिग्री
न्यूनतम 7.7 डिग्री

12 मरम्मत के दौरान आरयूबी का मार्ग पूरी तरह रहेगा बंद



12 हकृवि में कुलपतियों के सम्मेलन का हुआ समापन



## खबर संक्षेप

### हांसी मार्ग पर पुल के पास मिला अज्ञात शव

**बरवाला।** हांसी मार्ग बाइपास पुल हिसार सर्विस रॉन्ग साइड गन्ने के खेत के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। शव के पास एटलस कंपनी की एक साइकिल पड़ी मिली है। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी। एसएफएल की टीम ने भी मौके पर पहुंच कर मृतक व्यक्ति के शव को और आसपास के क्षेत्र को अपने कैमरे में कैद करके कार्रवाई आरंभ कर दी। जांच अधिकारी एएसआई मैनपाल ने बताया कि मृतक व्यक्ति की उम्र 55-60 वर्ष के आसपास है और मृतक व्यक्ति के हाथ में एचएमटी की घड़ी बंधी हुई है। मृतक व्यक्ति ने कुर्ता पजामा डाल रखा है और कंबल ओढ़ रखा है। मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।

### 12 से चलेगा राज्यव्यापी सूर्य नमस्कार अभियान

**हिसार।** हरियाणा में योग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूर्य नमस्कार का महा-उत्सव एक महीने तक आयोजित किया जाएगा। यह अभियान 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से प्रारंभ होकर 12 फरवरी महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक चलेगा। इसी कड़ी में आयुष विभाग द्वारा योग सहायकों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, ताकि अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके। यह जानकारी देते हुए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ धर्मपाल पूनिया ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य योग को राज्य, जिला, ब्लॉक व ग्राम स्तर तक पहुंचाना है।

### जनगणना कार्य को लेकर जिला स्तर पर बैठक आज

**हिसार।** भारत सरकार गृह मंत्रालय के अंतर्गत जनगणना कार्य निदेशालय हरियाणा के निर्देशानुसार आगामी जनगणना कार्य की तैयारियों को लेकर जिला स्तर पर बैठक 7 जनवरी को जिला सभागार में आयोजित की जाएगी। नगराधीश हरिराम ने बताया कि बैठक में जनगणना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं, कार्य विभाजन, समय-सीमा तथा आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जनगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### रेलवे ने हिसार-भुसावल के फेरों में किया विस्तार

**हिसार।** रेलवे ने यात्री सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 04727/04728 (हिसार-भुसावल-हिसार) साप्ताहिक के फेरों में विस्तार किया है। इसके तहत प्रत्येक बुधवार को चलने वाली गाड़ी संख्या 04727 हिसार-भुसावल 7 जनवरी से 28 जनवरी तक 04 ट्रिप का विस्तार किया गया है। इसी प्रकार प्रत्येक गुरुवार को चलने वाली गाड़ी संख्या 04728 भुसावल-हिसार 8 जनवरी से 29 जनवरी तक 4 ट्रिप का विस्तार किया गया है। गाड़ी संचालन का समय पूर्ववत रहेगा।

### हिसार-अमृतसर एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में परिवर्तन

**हिसार।** नए वर्ष एक जनवरी से लागू नई समय सारिणी में गाड़ी संख्या 14653 हिसार-अमृतसर एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन किया गया है। यह गाड़ी आगामी 5 फरवरी से 5 मार्च तक हिसार से एक बजे रवाना होगी तथा 6 मार्च से यह गाड़ी (14653) 23:55 बजे हिसार से प्रस्थान करेगी।

### ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन आज

**हिसार।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन मुख्यालय, भिवानी सम्बन्धित हरियाणा कर्मचारी महासंघ एवं अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ द्वारा 7 जनवरी को ऑनलाईन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम मुख्यालय पर राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत यूनियन की तरफ से बिजली के प्रबंध निदेशक को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

---

**चीफ जस्टिस के आवागमन को लेकर तैयारियां जोरों पर » जजों के परिवार राखीगढ़ी के ऐतिहासिक टीले देखेंगे**

# सीजेआई सूर्यकांत गांव पेटवाड़ के जिस सरकारी स्कूल में पढ़े, उसके करेंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

देश के चीफ जस्टिस सूर्यकांत 10 जनवरी को नारनौंद में कोर्ट का शुभारंभ करके नई कोर्ट परिसर की आधारशिला रखेंगे। उसके बाद उनके पैतृक गांव पेटवाड़ में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। साथ में हाई कोर्ट के जजों के परिवार भी आएंगे जो कि दुनिया के ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी में हड़प्पा कालीन सभ्यता के टीलों पर हजारों साल पुरानी सभ्यता के गवाह बनने का काम करेंगे। इसके लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

देश के चीफ जस्टिस बनने के बाद सूर्यकांत पहली बार अपने गांव पेटवाड़ में आ रहे हैं। सबसे पहले गांव के मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे। उसके बाद वे जिस सरकारी स्कूल में पढ़ते थे उस स्कूल के भी दर्शन करते हुए खेल स्टेडियम में पहुंचेंगे। वही पर ग्रामीणों द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। गांव का हर नागरिक उन ऐतिहासिक पलों का बेसब्री से इंतजार कर रहे है।

नारनौंद में कार्यक्रम स्थल पर तैयारी करते हुए



#### वीआईपी कार्यक्रम को देसी टच देने में लगे ग्रामीण

ग्रामीण इस वीआईपी कार्यक्रम को देसी टच देने में लगे हुए हैं। हर चीज को सादगी से सजाया जा रहा है। पूरे गांव में साफ सफाई करवा दी गई है। उनके लिए खाने की व्यवस्था धर्मशाला में की गई है। वहां पर उनको देसी अंदाज में देसी खाना परोसा जाएगा। उनके साथ हाई कोर्ट के जज भी मौजूद रहेंगे।

#### राखीगढ़ी में देखेंगे हड़प्पा नॉलेज सेंटर

हाईकोर्ट के जजों के परिवार ऐतिहासिक गांव राखीगढ़ी में हड़प्पा कालीन सभ्यता के टीलों को देखने के लिए पहुंचेंगे। सबसे पहले वह हड़प्पा नॉलेज सेंटर देखेंगे। उसके बाद टीलों पर पहुंचकर खुदाई में निकले हुए अवशेषों को देखने का काम करेंगे। फिर म्यूजियम में उनके लिए चाय की व्यवस्था की गई है।

#### सीएम को भी दिया न्योता

चीफ जस्टिस सूर्यकांत के बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत ने बताया कि गांव की 36 बिरादरी की तरफ से उनका मान सम्मान किया जाएगा। पूरा कार्यक्रम गांव की तरफ से किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी निमंत्रण दिया गया है। उम्मीद है कि इस क्षेत्र को उस दिन बड़ी सौगात मिलेगी।

#### स्टेडियम में होगा सामूहिक स्वागत

गांव के सरपंच प्रतिनिधि सतबीर सिंह ने बताया कि पूरे गांव की तरफ से सामूहिक स्वागत गांव के स्टेडियम में किया जाएगा। ग्राम पंचायत द्वारा गांव की साफ सफाई करवाई जा रही हैं। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए विशेष तैयारी की जा रही है।

#### *नए कोर्ट परिसर की ग्राम पंचायतों की मांग होगी पूरी*

*इस क्षेत्र के लोगों की मांग थी कि नारनौंद में कोर्ट बनाया जाए। इसको लेकर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों ने उनके सामने मांग रखी थी। लोगों की मांग पूरी होने जा रही है। 10 जनवरी को चीफ जस्टिस सूर्यकांत नारनौंद में कोर्ट का शुभारंभ करेंगे और उसके बाद उपमंडल परिसर के पीछे ही नई कोर्ट परिसर बनाने के लिए आधारशिला रखेंगे। फिर बार एसोसिएशन के सदस्यों से रूबरू होंगे। इस अवसर पर पौधरोपण भी करेंगे। पास ही उनके लिए चाय का कार्यक्रम भी रखा गया है।*



**हांसी।** सीजेआई के प्रस्तावित दौरे को लेकर न्यायिक परिसर में तैयारियों का जायजा लेते बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया व अन्य।

**बार एसोसिएशन के प्रधान ने लिया प्रबंधों का जायजा**

## सीजेआई सूर्यकांत के आगमन को लेकर हांसी न्यायिक परिसर में तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के हांसी न्यायिक परिसर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। न्यायिक परिसर भवन के सामने विशाल मंच तैयार किया जा रहा है, वहीं पूरे परिसर को भव्य रूप देने के लिए सजावट के कार्य भी किया जाएगा। बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया ने वकीलों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रही तैयारियों का जायजा लिया और प्रबंधों को लेकर आवश्यक सुझाव भी दिए।

बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापड़िया ने बताया कि भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के हांसी आगमन पर उनका भव्य और शानदार स्वागत किया जाएगा। इसके लिए लगभग सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि जिला सचिवालय परिसर की मुख्य सड़क से सटे गेट को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा, वहीं प्रवेश द्वार से लेकर न्यायिक परिसर भवन तक फूलों की सुंदर सजावट की जाएगी।

#### वकीलों में विशेष उत्साह और खुशी का माहौल

पवन रापड़िया ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश के हांसी आगमन को लेकर सभी न्यायाधीशों तथा बार एसोसिएशन से जुड़े वकीलों में विशेष उत्साह और खुशी का माहौल है। यह कार्यक्रम न केवल हांसी के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के न्यायिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।

---

### नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी करने के मामले में एक गिरफ्तार

■ पूछताछ के लिए आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**बरवाला।** पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान जींद जिले के पीपलथा निवासी राजेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में गांव सरसौद निवासी प्रार्थियों ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने बीएसएफ व सीटीयू चंडीगढ़ में नौकरी लगवाने का झांसा देकर उनसे कुल 4 लाख 70 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से ठग लिए। आरोपियों द्वारा नौकरी का फर्जी जॉइनिंग लेटर भी भेजा गया तथा बाद में पैसे व नौकरी की मांग करने पर जान से मारने की धमकियां दी गईं। शिकायत पर बरवाला थाना में 21 अक्टूबर 2024 को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पीपलथा निवासी आरोपी राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि अन्य आरोपियों, ठगी की रकम तथा अन्य आरोपियों के बारे में गहन पूछताछ की जा सके। इस मामले में एक महिला आरोपी सुदेश को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### कामगार यूनियन ने मांगा सीएम का इस्तीफा

**हिसार।** श्रम कल्याण बोर्ड में 1500 करोड़ के कथित घोटाले के संबंध में भवन निर्माण कामगार यूनियन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से इस्तीफे की मांग की है। यूनियन ने कहा कि 2014 में नायब सिंह सैनी श्रम मंत्री थे, तब उन्होंने मजदूरों का पंजीकरण करवाया था परंतु वर्तमान श्रम मंत्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री द्वारा पंजीकृत मजदूरों को फर्जी बताया है। तहसील प्रधान लीलू राम जांगड़ा व सचिव राकेश गगंवा ने बताया कि इसी मसले पर भवन निर्माण कामगार यूनियन से जुड़े प्रदेश भर में 17 व 18 जनवरी को प्रदेश के मंत्रियों के आवास पर दो दिवसीय महापड़ाव लगाने जा रहे हैं।

---

*हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ हांसी की नई कार्यकारिणी का गठन*

## कुलदीप हांसी ग्रामीण व राजकुमार बने हांसी शहरी संघ के प्रधान



**हांसी।** हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ हांसी की कार्यकारिणी के गठन को लेकर आयोजित मीटिंग में भाग लेते संघ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

■ हांसी पब्लिक स्कूल से राजकुमार पाली को सर्वसम्मति से शहरी प्रधान बनाया

प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ हांसी की शहरी और ग्रामीण इकाई का चुनाव किया गया। चुनाव प्रक्रिया की अध्यक्षता जिला संरक्षक महावीर यादव और जिला प्रधान प्रदीप पूनिया ने की। इस दौरान संघ के संरक्षक तेलूराम रामायण वाला और प्रधान सत्यवान कुंडू विशेष रूप से उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान मंच संचालन प्रदीप यादव ने किया। चुनाव प्रक्रिया में एसडी सीनियर सेकेंडरी के संचालक कुलदीप यादव को हांसी ग्रामीण का प्रधान और हांसी पब्लिक स्कूल से राजकुमार पाली को सर्वसम्मति से शहरी प्रधान बनाया गया। वहीं प्रगति स्कूल हांसी के संचालक कृष्ण यादव को सलाहकार, शमशेर मुजादपुर, जगदीश डाटा व रामकुमार को संरक्षक, जोगिंद्र गुराना को उप प्रधान , संदीप दूहन को सचिव, प्रवीण और सुनीता ग्रेवाल को मीडिया सलाहकार बनाया गया। इस अवसर पर बलबीर वर्मा, सुरेश शर्मा, अशोक शर्मा, बलराज मुवाल, विजेंद्र मलिक, विजेंद्र कुलाना, विकास, उमेद दलाल, अमरजीत, सुरेंद्र डाटा, सुनील यादव, रमेश मालिक, विजेंद्र गुराना, विपिन मलिक, अशोक यादव, ईश्वर, कर्मवीर घिराय, देवीलाल व सुरेश कुमार आदि सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

---

*अदालत ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा*

## होटल संचालक पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक गिरफ्तार

**4-5 युवकों ने डंडे व लोहे की रॉड से हमला किया था**

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने होटल संचालक पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी व गहन पूछताछ जारी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में कल्लर भैणी निवासी श्रवण ने पुलिस को शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह अपने दोस्त भिवानी के खेडी दौलतपुर निवासी सचिन के साथ मॉडल टाउन हिसार में सनसिटी मॉल के पीछे स्थित होटल को पिछले लगभग तीन महीनों से किराये पर लेकर संचालित कर रहा है। गत 4 जनवरी को रात्रि करीब 10 बजे उसके दोस्त सचिन के पास दवेन्द्र उर्फ सचिन डाबड़ा का फोन आया। कुछ समय बाद होटल के नीचे गली में बलेनो कार व एक गाड़ी में सवार 4–5 युवक पहुंचे और हाथों में डंडे व लोहे की रॉड लेकर हमला कर दिया। आरोपी सचिन उर्फ दवेन्द्र निवासी डाबड़ा ने लोहे की रॉड से सचिन के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर भागने लगा। इसके बाद आरोपी ने अपनी कार से जानबूझकर पीछे से टक्कर मारी और गिरे हुए सचिन के ऊपर दो–तीन बार गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। शोर-शराबा होने व लोगों की भीड़ इकट्ठा होने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए और जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी।

### हत्या प्रयास मामले में आरोपी रिमांड पर

**हिसार।** सीआईए टीम ने हत्या करने की नीयत से जानलेवा हमला करने के मामले में एक और आरोपी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 15 निवासी राघव शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर दिया। मामले में जांच अधिकारी एएसआई विक्रांत ने बताया कि इस संबंध में पीड़ित वंश ने थाना सिविल लाइन में शिकायत दी कि उसके पास पिछले वर्ष एक नवंबर उसके दोस्त का फोन आया और उसने उसे सेक्टर 13 मार्केट में बुलाया। वहां पहले से मौजूद दो युवकों ने उसके साथ पूछताछ की और कुछ देर बाद 5-6 युवकों ने हथियारों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने दी गई शिकायत पर केस दर्ज करके एक आरोपी राघव को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

### 7.460 किग्रा. चूरापोस्त सहित एक काबू

**हिसार।** नशा निरोधक पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव गैबीपुर के पास से एक व्यक्ति को काबू कर 7.460 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। नशा निरोधक टीम के एएसआई जगदीश ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गांव गैबीपुर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बीड़ बबरान निवासी राममेहर बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक का कट्टा बरामद हुआ, जिसमें तीन पॉलीथिन की थैलियों में क्रमशः 4.440 किलोग्राम, 2.020 किलोग्राम एवं 1.000 किलोग्राम चूरा पोस्त पाया गया। इस प्रकार कुल 7.460 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया। पुलिस ने चूरापोस्त बरामद करके आरोपी राममेहर के विरुद्ध थाना बरवाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया।

---

### रेलवे रोड से अतिक्रमण पर प्रहार...

*नगर निगम और बीएंडआर विभाग ने संयुक्त रूप से चलाया अभियान*



**हिसार।** राजगुरु मार्केट सहित आसपास की प्रमुख मार्केटों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए मंगलवार को भी अभियान जारी रहा। नगर निगम और बीएंडआर ने संयुक्त रूप से रेलवे रोड व रेलवे स्टेशन के सामने दुकानों के बाहर लगे शैडो का हटाया गया। इसके पश्चात नगर निगम की टीम राजगुरु मार्केट सहित आस–पास की मार्केटों में अतिक्रमण हटाने का कार्य किया। कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि राजगुरु मार्केट में लगभग बरामदे खाली थे। कुछ व्यापारियों ने बरामदों में सामान रखा था। जिसको हटवाया गया। उन्होंने बताया कि जब तक यह स्थिति पूर्ण रूप से सामान्य नहीं होती जब तक कार्रवाई जारी रहेंगी। इस कार्रवाई में तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ, पशु पकड़ो अभियान की टीम तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

---

**समस्या** द्वार के निर्माण कार्य के दौरान शटरिंग खोलते समय पूरा ढांचा गिर गया था

# स्वागत द्वार के निर्माण पर फिर उठे सवाल, स्थानीय नागरिक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

नगरपालिका उकलाना के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार के निर्माण को लेकर एक बार फिर स्थानीय नागरिकों एक बार फिर सवाल खड़े किए हैं। बता दें कि पूर्व में स्वागत द्वार का निर्माण कार्य चल रहा था लेकिन शैटरिंग खोलते समय पूरा ढांचा गिर गया था। सौभाग्य से उस समय कोई जनहानि नहीं हुई और मौके पर मौजूद लोग बाल-बाल बच गए थे। हादसे के बाद नगरपालिका प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए पंचकूला मुख्यालय एवं हिसार नगर निगम आयुक्त स्तर से जांच करवाई गई थी लेकिन आज तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। अब जब उसी स्थान पर निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है, तो स्थानीय लोगों में आशंका है कि यदि निर्माण गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों जगदीश मित्तल, कृष्ण कुमार, अनिल, हनुमान सहित अन्य लोगों का कहना है कि स्वागत द्वार का टेंडर आरसीसी (कंक्रीट) संरचना के लिए था, जबकि वर्तमान में ईंटों के कॉलम बनाए जा रहे हैं, जो देखने में कमजोर प्रतीत हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य केवल सतही तौर पर किया जा रहा है, जिससे संरचना की मजबूती को लेकर संदेह बना हुआ है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका व संबंधित विभाग सार्वजनिक रूप से यह प्रमाण पत्र जारी करें कि स्वागत द्वार पूरी तरह सुरक्षित है और इससे आमजन को किसी प्रकार का खतरा नहीं है, ताकि लोगों का विश्वास बहाल हो सके।



**उकलाना।** निर्माणाधीन महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार के पास खड़े स्थानीय नागरिक। फोटो : हरिभूमि

#### मुख्यालय की टीम कर चुकी निरीक्षण

मुख्यालय की टीम द्वारा निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जा चुका है तथा संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना भी लगाया गया है। ठेकेदार को निर्धारित समय सीमा में एस्टीमेट के अनुरूप कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कार्य मानकों के अनुसार नहीं होता है तो किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट को उन्होंने आंतरिक बताते हुए कहा कि उसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

-**संदीप शर्मा**, सचिव, नगरपालिका।



# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

लाइफ Style

# तारा

## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।



हॉलीवुड मसाला



# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक

**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।




# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

टीवी मसाला



# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयि सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्विवेदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।



# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

***लॉस एंजिल्स।*** *ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



### 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

### नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

### ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### प्रॉफिट का लालच देकर टीचर से हजारों रुपये ठगे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने जिले की एक महिला टीचर को अपना शिकार बनाते हुए उसे प्रॉफिट कमाने का लालच देकर उससे हजारों रुपये हड़प लिए। बाद में ऑनलाइन शिकायत की गई। इसके बाद भूना थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धोलू के प्राइवेट स्कूल की टीचर सुनीता देवी ने बताया कि 20 दिसंबर को लंच टाइम पर उसने टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट के नाम से एक एड देखी। उस पर क्लिक करते ही उसके वॉट्सऐप नंबर पर लिंक ओपन हो गया।

### अनजान कॉल से रहें सावधानः एसपी सहारण

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने साइबर अपराधियों से बचने के लिए सिरसा पुलिस की ओर से एडवाइजरी जारी कर आमजन को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी है। आधुनिक जीवन में हम लोगों को किसी भी चीज के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त करनी होती है, तो हम इंटरनेट के माध्यम से आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में टेक्नोलॉजी के इस दौर में इतने तेजी से गुजर रहे है,कि इंटरनेट के बिना हम अपने जीवन की कल्पना नहीं कर सकते।

### लायंस क्लब ने जैन हॉस्पिटल में दूध व डबल रोटी के लंगर चलाया

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया टाऊन द्वारा लायंस इंटरनेशनल सेवा सप्ताह व जनपद के तीसरे सप्ताह अन्नपूर्णा के तहत आज जैन हॉस्पिटल में दूध व डबल रोटी के लंगर का आयोजन किया गया जिसमें 125 लोगों को लंगर प्रदान किया गया। सह संयोजक सतपाल सिंह ने बताया कि इंटरनेशनल व जनपद द्वारा 3 से 11 तक भूख के खिलाफ जंग अन्नपूर्णा कार्यक्रम का आयोजन किया रहा है। क्लब सचिव शिव सोनी ने जानकारी दी।

### कानूनी सहायता के बारे में किया जागरूक

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कानूनी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में पैनल अधिवक्ता स्नेह कृतिका एवं पीएलवी सुखदेव ने गांव साहूवाला में व पैनल अधिवक्ता देवेंद्र संधू एवं पीएलवी सुभाष चंद्र द्वारा गांव सुचान में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इन दौरान ग्रामीणों को नशा विरोधी अभियान व मुफ्त कानूनी सहायता से संबंधित जानकारी दी गई।

### किसान आईडी बन रही डिजिटल पहचान

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिला के किसानों की किसान आईडी बनाई जा रही है। किसान आईडी किसानों की एक यूनिक डिजिटल पहचान होगी, जिसमें किसान की जमीन, फसल, बैंक खाता और अन्य आवश्यक जानकारी सुरक्षित रहेंगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस आईडी के माध्यम से सरकार किसानों को योजनाओं का लाभ सीधे उनके बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए दे सकेंगी।

## स्वच्छता अभियान: डोर टू डोर टैग लगाने का काम शुरू

# रतिया में 7 करोड़ 80 लाख से 5 साल कचरा उठाएगी एजेंसी

■ 12 टाटा एस, 9 ई-रिक्शा और दो ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी कार्य में लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया


रतिया। घरों के आगे टैग लगाते हुए एजेंसी के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

शहर में डोर टू डोर कचरा उठाने के लिए सरकार द्वारा टेंडर लेने वाली कंपनी दी टोहाना जय दुर्गा कंपनी के कर्मचारियों ने आज से रतिया शहर में घरों और दुकान के आगे विशेष टैग लगाने शुरू कर दिए हैं। यह टैग शहर के करीबन 13200 घरों और दुकानों के आगे लगाया जाएगा और यह काम 15 दिन में पूरा हो जाएगा। इसके बाद एजेंसी द्वारा रतिया शहर में कचरा उठाने शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि रतिया शहर में पिछले काफी समय से बंद पड़े डोर टू डोर कचरा उठाने के कार्य को पिछले महीने नगर निकाय विभाग के निदेशालय ने मंजूरी दे दी थी। जल्द ही रतिया शहर में डोर टू डोर की गाडियां के माध्यम से फिर से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए थे। निकाय विभाग द्वारा इस बार पांच साल के लिए 7 करोड़ 80 लाख रुपए का टेंडर दी जय दुर्गा कंपनी टोहाना को आवंटित किया गया है। नगर पालिका की सचिव शुभम कुमार और सफाई निरीक्षक ओंकार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि निदेशालय ने डोर टू डोर के टेंडर को को मंजूरी देने के बाद एजेंसी द्वारा हर घर और दुकान के बाहर एक विशेष टैग लगाने का अभियान आज से शुरू कर दिया गया है। नगर पालिका के सफाई दरोगा मुकेश कुमार की निगरानी में हर घर और दुकान के बाहर टैग लगाए जा रहे हैं। डोर टू डोर वाहन के साथ चलने वाला कर्मचारी जिस घर और दुकान से कचरा उठाएगा, उस टैग को भी स्कैन करेगा ताकि पता लग जाए इस घर से कचरा उठा लिया गया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों द्वारा गिला और सूखा कचरा अलग-अलग करके गाड़ी में डाला जाएगा और डोर टू डोर एजेंसी द्वारा कार्य के लिए 12 टाटा एस, 9 ई-रिक्शा और दो ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी कार्य में लगाए जाएंगे। इसके लिए 35 कर्मचारी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिकायतों के निपटारे के लिए एक शिकायत केंद्र भी बनाया जाएगा जिसमें एक कर्मचारी की विशेष ड्यूटी एजेंसी द्वारा लगाई जाएगी साथ ही शिकायत के लिए मोबाइल नंबर भी जारी किया जाएगा। नगर पालिका सचिव ने बताया कि इस बार एजेंसी की शर्तों के मुताबिक सप्ताह के सभी सातों दिन एजेंसी द्वारा कचरा उठाया जाएगा और कोई भी अवकाश नहीं होगा। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि टैग लगाने का यह अभियान 15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा और इस दौरान 13200 घरों व दुकानों के आगे टैग लगा दिए जाएंगे।


सिरसा। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## शतरंज महासंग्राम में दिखाई प्रतिभागियों ने बाजीगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

■ प्रतियोगिता में 15 वर्ष आयु वर्ग में लक्षित प्रथम

रेनबो माइंड स्टूडियो में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी अद्भुत बौद्धिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक से बढ़ चढक़र एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यातिथि समाजसेवी प्रो. संजीव कालड़ा ने विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज और गणित का आपस में गहरा तालमेल है। जो बच्चे शतरंज खेलते हैं, उनकी गणितीय समझ और तार्किक क्षमता स्वतः ही मजबूत होती है, क्योंकि दोनों में दिमाग का संतुलित और सक्रिय उपयोग होता है। उन्होंने बच्चों को निरंतर अभ्यास करने और मानसिक खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में 15 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान लक्षित, द्वितीय स्थान हर्षित सिंगला व तृतीय स्थान अर्णव फुटेला ने हासिल किया। 9 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान हितार्थ गोयल, द्वितीय स्थान मेवाश बियानी व तृतीय स्थान गौरीश ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के संचालक राकेश फुटेला व नमन सचदेवा ने बताया कि रेनबो माइंड स्टूडियो भविष्य में भी ऐसे बौद्धिक एवं शैक्षणिक आयोजन करता रहेगा।

## प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ नशा मुक्ति कैम्प का आयोजन किया


फतेहाबाद। युवाओं को जागरूक करती नशा मुक्ति टीम। फोटो : हरिभूमि

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मंगलवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए नशा मुक्ति कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग की ओर से नशामुक्ति टीम इंचार्ज उप निरीक्षक सुंदर मुसाफिर ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बारे अनेक जानकारियां दी और युवाओं को स्वयं नशा ना करने व अपने आस-पड़ोस में भी किसी को नशा ना करने बारे जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को नशे से दूर रहने के तरीके भी बताए कि कैसे स्वयं व परिवार को नशे से दूर रखें तथा किसी भी तरह की समस्या हो तो मेडिटेशन का सहयोग ले सकते हैं। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों को इस कार्य को छोडऩे की अपील की कि हम किस प्रकार नशा को छोडक़र एक नए जीवन की शुरूआत कर सकते हैं।

■ नाई समाज के स्थापना दिवस पर सम्मेलन

■ देशभर से समाज के लोगों ने शिरकत की

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचानी जरूरीः प्रो. गणेशीलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। राष्ट्रीय नाई महासभा के सदस्यों का अभिवादन करते हुए।

रॉयल हवेली में राष्ट्रीय नाई महासभा का 22वां स्थापना दिवस मनाया गया। सम्मेलन में देशभर से नाई समाज के लोगों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में समाज की एकजुटता, राजनीतिक भागीदारी और युवाओं के उत्थान पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल मुख्यातिथि शामिल हुए। प्रो. गणेशी लाल ने कहा कि नाई समाज का इतिहास बेहद गौरवशाली और सेवाभाव से भरा रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचानी अनिवार्य है। शिक्षा और एकता ही वह चाबी है, जिससे हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। आज के इस सम्मेलन का उद्देश्य केवल चर्चा करना नहीं, बल्कि समाज के भीतर उस आत्मविश्वास को जगाना है जिससे वे राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकें। मनीष सिंगला ने इस मौके पर कहा कि किसी भी समाज की उन्नति उसके सेवा भाव और संगठित होने पर निर्भर करती है। राष्ट्रीय नाई महासभा जिस तरह से अपने लोगों को जोडऩे का कार्य कर रही है, वह सराहनीय है। उन्होंने हरसंभव सहायता का भरोसा भी दिलवाया।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर हरपिंद्र शर्मा, योगेश बिजारनिया, सांवरमल गुर्जर, जेपी गुप्ता, वीर शांति स्वरूप, ईश्वर गंगवा, नवीन ठाकुर, अशोक, नवरत्न टांक, नारू , सपना सैन, ममता सैन, सत्यनारायण, कुलदीप, रामभगत, सुरेश, कुलदीप, डॉ. जगतपाल, डॉ. नीरू सैन, महेंद्र, राजेंद्र सरोज, योगेंद्र योगी, पुरषोत्तम सैन, महिपाल भी मौजूद थे।


फतेहाबाद। संरक्षक बने वेदप्रकाश मंगल को बधाई देते अग्रवाल समाज फतेहाबाद के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## वेदप्रकाश मंगल बने अग्रवाल समाज फतेहाबाद के संरक्षक

**फतेहाबाद।** अग्रवाल समाज फतेहाबाद द्वारा शहर के प्रमुख समाजसेवी वेदप्रकाश मंगल को संरक्षक पद की जिम्मेवारी सौंपी गई है। अग्रवाल समाज फतेहाबाद के प्रधान मनोज गर्ग बड़ोपलिया व अन्य पदाधिकारियों ने वेदप्रकाश मंगल को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। यह जानकारी देते हुए अग्रवाल समाज फतेहाबाद के मीडिया सेल प्रभारी अनिल गोयल ने बताया कि अग्रवाल समाज फतेहाबाद का मुख्य लक्ष्य समाज के लोगों को एकजुट कर सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भागीदारी सुनिश्चित करना है। नवनियुक्त संरक्षक वेदप्रकाश मंगल ने अपनी नियुक्ति पर समाज के सभी लोगों का आभार जताते हुए कहा कि समाज द्वारा उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, वह पूरी निष्ठा व ईमानदार से उसका निर्वाह करेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि समाज के लोगों को एकजुट कर समाज के विकास के लिए अधिक से अधिक कार्य किए जाएं। अग्रवाल समाज फतेहाबाद के प्रधान मनोज गर्ग बड़ोपलिया ने वेदप्रकाश मंगल को बधाई देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में अग्रवाल समाज फतेहाबाद ओर ज्यादा बेहतर ढंग से कार्य कर सकेगा।

## एसडीएम ने किया विभिन्न गांवों में एग्रीस्टैक कैंपों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। एग्रीस्टैक के तहत आयोजित कैंपों का निरीक्षण करते हुए एसडीएम राजेश कुमार।

उपमंडलाधीश राजेश कुमार ने एग्रीस्टैक के इंप्लीमेंटेशन के तहत गांव मताना, खैराती खेड़ा, दरियापुर व हिजरावां कलां में लगाए गए कैंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैंपों में उपलब्ध व्यवस्थाओं तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित गांवों के सरपंचों व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने गांवों में मुनादी करवाकर किसानों को एग्रीस्टैक के तहत आईडी बनवाने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि अधिक से अधिक किसान इस पहल से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगमता से मिलेगा। इसलिए आवश्यक है कि गांव स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए और किसानों की शंकाओं का समाधान मौके पर ही किया जाए, ताकि योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंच सके।

## सहकारी बैंक के कर्मचारी मांगों को लेकर 8 को जिला कार्यालय पर करेंगे रोष प्रदर्शन

■ बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरूण ने की

**फतेहाबाद।** जिलेभर के केन्द्रीय सहकारी बैंक के कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर वित्तीय संस्था ठेका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर 8 जनवरी को फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया जाएगा। केन्द्रीय सहकारी बैंक के कर्मचारी 8 जनवरी को फतेहाबाद में सिरसा रोड स्थित केन्द्रीय सहकारी बैंक के जिला कार्यालय के बाहर धरना देते हुए प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी देते हुए वित्तीय संस्था ठेका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान नरेन्द्र बूरा व मीडिया प्रभारी पियुष कुमार ने बताया कि यह निर्णय संघ की प्रदेश कार्यसमिति की गत दिनों कुरूक्षेत्र में हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरूण जोशी ने की व संचालन प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र वशिष्ठ ने किया। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री पवन कुमार, प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहता, प्रदेश मंत्री हवा सिंह तंवर, जिला मंत्री मान सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, प्रदेश सचिव संदीप उचाना व प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय शर्मा सहित सभी जिलों के अध्यक्षों व मंत्रियों ने भाग लिया। जिला प्रधान ने बताया कि सरकार द्वारा अनुबंधित कर्मियों के लिए सेवा सुरक्षा कानून से सम्बंधित सिक्योर एम्पलॉय पोर्टल 25 को लॉन्च किया गया है।

### लोहड़ी बेटियों के नाम कार्यक्रम 11 जनवरी को

**फतेहाबाद।** सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा 13वां लोहड़ी बेटियों के नाम कार्यक्रम 2025 में जन्मी बच्चियो की पहली लोहड़ी का आयोजन 11 जनवरी को अरोडवंश धर्मशाला में सुबह 10 से 1 बजे तक बड़ी धूमधाम व रीति- रिवाज के साथ आयोजित किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा लगातार 2012 से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अभी तक उनकी संस्था 20 हजार से अधिक बच्चियों की पहली लोहड़ी मना चुकी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों को सम्मान देना है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था जहां 11 जनवरी को बच्चियों की पहली लोहड़ी मनाकर उन्हें व उनके अभिभावकों को सम्मान दे रही है।

## 10 से 19 जनवरी तक आयोजित होंगे जागरूकता शिविर

**फतेहाबाद।** जिले में राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण की विभिन्न स्कीमों की जागरूकता के लिए 10 से 19 जनवरी तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि 10 जनवरी को गांव अहलीसदर में अधिवक्ता सिद्धार्थ भोला व पीएलवी गुरजीत कौर, 11 जनवरी को गांव भड़ोलावाली में अधिवक्ता संजीव कुमार व पीएलवी राज बाला, 13 जनवरी को गांव ढाणी बिंजा लांबा में अधिवक्ता एमएल भांभू व पीएलवी राकेश कुमार, 14 जनवरी को गांव ढाबी खुर्द में अधिवक्ता नवीन कुमार व पीएलवी सरला देवी, 15 जनवरी को गांव एसपी दड़ौली में अधिवक्ता श्वेता रानी व पीएलवी समिता देवी, 16 जनवरी को गांव रहनखेड़ी में अधिवक्ता संजीव कुमार व पीएलवी अमर पती, 17 जनवरी को गांव खुंबर में अधिवक्ता पूनम रानी व पीएलवी विश्वामित्र, 18 जनवरी को गांव नकटा में अधिवक्ता एमएल भांभू व पीएलवी बाला रानी तथा 19 जनवरी को गांव सिरढ़ान में अधिवक्ता श्वेता रानी व पीएलवी सरला देवी नागरिकों को नालसा व हालसा विभिन्न स्कीमों की जानकारी देंगे।

**जागरूकता** भूथनकलां में एनएसएस कैम्प का समापन, विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

# एनएसएस नि:स्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र की सेवा करने की प्रेरणा देती है : योगेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव भूथनकलां में एनएसएस कैम्प के समापन पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

गांव भूथनकलां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैम्प का आज समापन हुआ। कैम्प के अंतिम दिन स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने श्रमदान करते हुए विद्यालय परिसर में साफ-सफाई वहीं विभिन्न परंपरागत खेलों में भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। आज के कार्यक्रम में योगेंद्र सिंह समाज सेवक व ग्रामीण शिक्षा समिति के प्रधान कृष्ण ज्यानी विद्यालय में रिसोर्स पर्सन के रूप में पहुंचे। अंतिम दिन कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस लक्ष्य गीत और वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत से हुई। उसके बाद बच्चों ने योग किया।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए योगेन्द्र सिंह ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से हमें निःस्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। हमें बिना किसी लालच के देश की सेवा करनी चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि हमें विद्या ग्रहण करके जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढऩा चाहिए। अंधविश्वास से बचना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें प्रश्न करना आना चाहिए, उत्तर तो अपने आप मिल जाएगा। अगर हमने समाज, अधिकारियों और सरकार से प्रश्न पूछने शुरू कर दिए तो निश्चय ही हमें उत्तर मिलेगा इसलिए प्रश्न करना बहुत जरूरी है। विद्या का यही मतलब है कि विद्यार्थी प्रश्न करना सीख जाए।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम अधिकारी सतपाल ने सात दिवसीय कैम्प के दौरान की गई गतिविधियों बारे विस्तार से बताया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार ने सात दिवसीय कैम्प के सफल आयोजन पर कार्यक्रम अधिकारी सतपाल व स्वयंसेवकों को बधाई दी। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य अजय कुमार, अनिल कुमार, अनीता रानी, बिमला रानी, वीरेंद्र सिंगला आदि भी मौजूद रहे।


फतेहाबाद। 'पशु पक्षी सेवा समिति' के सेवादारों को सम्मानित करते रेड क्रॉस व खुशी नई उम्मीद संस्था के सदस्य।

### बेजुबानों की सेवा करने वालों की 'सेवा को सलाम'

**फतेहाबाद।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फतेहाबाद और खुशी नई उम्मीद संस्था द्वारा भट्टू मंडी में संचालित 'पशु पक्षी सेवा समिति' के सेवादारों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'सेवा को सलाम' पहल के तहत संस्था के प्रतिनिधियों ने समिति के कार्यों का जायजा लिया। बता दें कि पशु पक्षी सेवा समिति, भट्टू मंडी द्वारा आसपास के क्षेत्रों से आने वाले बीमार और घायल पशु-पक्षियों का उपचार किया जाता है। जिला रेड क्रॉस विभाग से सुरेंद्र चुघ फतेहाबाद से अपने परिवार सहित यहां पहुंचे और समिति की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया।


सिरसा। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते जेजेपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### जेजेपी ने एचटेट परीक्षा परिणामों की सीबीआई से जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी ने मंगलवार को सिरसा के उपायुक्त को हरियाणा के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा कर वर्ष 2024 में हुई एचटेट परीक्षा परिणामों में धांधली के आरोप लगाते हुए इसकी जांच सीबीआई से करवाने की मांग की है। जेजेपी युवा विंग के प्रभारी शांतनु गोदारा ने कहा कि हरियाणा में वर्ष 2024 में हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं एवं संदेहास्पद स्थितियां सामने आई हैं, जो परीक्षा की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। उन्होंने कहा कि जब एचटेट परीक्षा का परिणाम पूर्ण रूप से तैयार हो चुका था, तब उसे अचानक रिकॉल क्यों किया गया? इसके पीछे क्या कारण थे, यह आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए एक पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग को कार्य सौंपा गया, जबकि उक्त संस्था को इस प्रकार के परीक्षा परिणाम तैयार करने का कोई पूर्व अनुभव नहीं था। यह तथ्य अत्यंत चौंकाने वाला है कि प्रथम बार में परिणाम मात्र 30 दिनों में तैयार हो गया था, किंतु पुनः परिणाम तैयार करने में 110 दिन क्यों लग गए? इस अत्यधिक विलंब के लिए कौन जिम्मेदार है?

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने 496 वाहनों को चेक कर 39 चालान किए

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा सोमवार शाम 7 से रात 10 बजे तक सीलिंग प्लान के तहत 16 स्थानों पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने नाकों पर तैनात पुलिस कर्मियों को हर संदिग्ध वाहन की बारीकी से जांच करने तथा किसी प्रकार की कोई कमी पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। 496 वाहनों को चेक किया तथा 5 वाहन चालकों के ड्रिंक एंड ड्राइव सहित नियमों के उल्लंघन करने वाले 39 वाहनों के चालान किए गए।

### खेत मजदूर यूनियन ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

**बरवाला।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन जिला कमेटी ने जिला उपायुक्त के माध्यम से ईमेल द्वारा राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजा। इसमें केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी और जनविरोधी कानूनों के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि मनरेगा ने ग्रामीण गरीबों को राहत प्रदान की है। लेकिन सरकार इसे समृद्ध करने की बजाय विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजविका मिशन ग्रामीण को लागू कर रही है।

### बीड़ बबरान धाम में संक्रांति पर होगा महायज्ञ

**हिसार।** प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर महायज्ञ किया जाएगा। इस महंत स्मृति महायज्ञ की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि प्रथम महंत श्यामलीन रामगोपाल शर्मा, द्वितीय महंत श्यामलीन राजेश शर्मा व तृतीय महंत श्यामलीन प्रमोद शर्मा की स्मृति में जनकल्याण के निमित इस महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

### रविन्द्र बने सर्व कल्याण मंच के जिला अध्यक्ष

**हांसी।** सामाजिक सरोकारों के लिए सक्रिय सर्व कल्याण मंच के प्रदेशाध्यक्ष नवीन कौशिक ने हरियाणा प्रदेश के 7 जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। हांसी जिला का दायित्व रविन्द्र अत्री ढंढेरी को दिया। रविन्द्र अत्री ने कहा कि प्रदेश में सामाजिक सेवा जागरूकता और सकारात्मक कार्यों को मंच ओर अधिक गति देगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वो अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

### गौरव बंसल पॉकेट बी सेक्टर 14 के प्रधान बने

**हिसार।** पॉकेट बी सेक्टर 14 के दुकानदारों की कार्यकारिणी की बैठक में अनेक सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें गौरव बंसल को सर्वसम्मति से प्रधान चुन लिया गया। रामफल बंसल व राहुल को उपप्रधान, नवीन अग्रवाल को महासचिव व अनिल गुप्ता को खजांची चुना गया। किशोर गोयंका, बाबूराम अग्रवाल, अशोक कुमार, धर्मेंद्र मलिक, मोहित मेहता को संरक्षक बनाया।

## मेयर प्रवीण पोपली ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

# पटेल नगर आरयूबी के नवीनीकरण का कार्य शुरू

*मरम्मत और सुधार कार्य के दौरान आरयूबी का मार्ग पूरी तरह से रहेगा बंद*



हिसार। कार्य का निरीक्षण करते मेयर प्रवीण पोपली व अन्य। फोटो: हरिभूमि



हिसार। अग्रसेन कॉलोनी से सोरगढ़ ढाणी होते हुए यूनिवर्सिटी विहार को जाने वाला रास्ता। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पटेल नगर रेलवे अंडरब्रिज का रेलवे विभाग की ओर से मंगलवार को कार्य शुरू कर दिया। इसका निरीक्षण करने मेयर प्रवीण पोपली नगर निगम के अधिकारियों के साथ पहुंचे। उन्होंने कहा कि पटेल नगर आरयूबी में आ रही पानी की समस्या के समाधान की दिशा में कदम उठाया गया है।

**आरयूबी में आ रही पानी की समस्या के समाधान की दिशा में कदम उठाया गया**

पिछले दिनों इस समस्या को लेकर रेलवे विभाग और नगर निगम के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण किया गया था जिसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस पर मेयर प्रवीण पोपली ने समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इस आरयूबी में जमीनी पानी का स्तर उपर आने से यहां पर अक्सर जलभराव रहता था।

ऐसे में जलभराव रहने के कारण आरयूबी के अंदर का रास्ता क्षतिग्रस्त हो चुका था। जिसका नवीनीकरण का कार्य रेलवे विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### सुरक्षा कारणों से मार्ग किया बंद

मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि मरम्मत और सुधार कार्य के दौरान सुरक्षा कारणों से पटेल नगर आरयूबी का मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। इस अवधि में आमजन को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना होगा। इस अवसर पर पार्षद राजेन्द्र बिडलान, कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी, जेई ऋत्विक जाखड़, गोल्डी नागपाल, सुरेन्द्र बिडलान, सतीश, सौरभ सहित रेलवे विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी ने कार्य को शीघ्र और गुणवत्ता के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया।

### फिर विवादों में आया सोरगढ़ ढाणी होते हुए यूनिवर्सिटी विहार को जाने वाला रास्ता

- रास्ता 40 फुट का है और नगर निगम बना रहा 20 फुट का
- लोगों ने नगर निगम प्रशासन से रास्ते को अपने रिकॉर्ड के अनुसार बनाने की मांग की

**हिसार।** अग्रसेन कॉलोनी से सोरगढ़ ढाणी होते हुए यूनिवर्सिटी विहार को जाने वाला रास्ता एक बार फिर विवादों में आ गया है। पिछले लम्बे समय से यह रास्ता कच्चा है तथा नगर निगम द्वारा कई बार टेंडर देकर बनाने की कोशिश की है परन्तु यह रास्ता अभी तक नहीं बना पाया है। अब एक बार फिर नगर निगम ने यह रास्ता बनाने के लिए जेसीबी से खुदवाई का कार्य करवाया तो सोरगढ़ ढाणी वासियों ने यह रास्ता रूकवा दिया जो अभी अधर में पड़ा हुआ है। रास्ते की खुदाई होने के कारण यूनिवर्सिटी विहार के लोगों का आना जाना बहुत मुश्किल हो रहा है। सोरगढ़ ढाणी वासियों का दावा है कि यह रास्ता 40 फिट का है और नगर निगम यह रास्ता 20 फिट का बना रहा है।



नारनौंद। गांव खांडा खेड़ी के हर्बल पार्क में हवन यज्ञ करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## चौधरी मित्रसेन आर्य हर्बल पार्क में यज्ञ कर डालीं आहुतियां

- पतंजलि परिवार बास द्वारा एक सामूहिक यज्ञ खांडा खेड़ी में किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

पतंजलि परिवार बास द्वारा एक सामूहिक यज्ञ खांडा खेड़ी के चौधरी मित्रसेन आर्य हर्बल पार्क में आयोजित किया गया। इसके बाद हलवे के प्रसाद का वितरण किया गया और इसमें संगठन के तहसील प्रभारी व काफी कार्यकर्ता व महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं द्वारा शिविरों में भजन गाए जाने वाले मधुर भजनों के द्वारा 32 वें पतंजलि योगपीठ की स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके बाद पतंजलि परिवार के बास तहसील प्रभारी वेद प्रकाश आर्य द्वारा यज्ञ और योग के बारे में व्याख्यान किया गया।

### यह रहे मौजूद

पतंजलि योगपीठ के प्रकल्पों के बारे में विस्तार से सभी को अवगत करवाया गया। हवन यज्ञ में मौजूद महिला तहसील प्रभारी विद्यारानी, प्रखंड योग प्रभारी सुनील, तहसील युवा प्रभारी रवि, सहप्रभारी बिजेंद्र आर्य, विजय आर्य, विनोद आर्य आदि मौजूद थे।

## जेसीआई चौक पर 24 को 105 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण करेंगे विधायक

**हांसी।** राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 24 जनवरी को हांसी के जेसीआई चौक पर 105 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण किया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर ध्वाजारोहण करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन जेसीआई हांसी स्टार संस्था द्वारा किया जाएगा। प्रधान राजेश बंसल ने बताया कि ध्वजारोहण से शहर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह तिरंगा यात्रा लाल सड़क से आरंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों से होती हुई जेसीआई चौक पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

## कचरा-मुक्त आयोजन का मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय युवा महोत्सव के आयोजन को 'सिंगल-यूज प्लास्टिक एवं कचरा-मुक्त स्वच्छ महोत्सव' के रूप में किए जाने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है।

यह प्रमाण पत्र इंस्टीट्यूट ऑफ सस्टेनेबिलिटी, ग्रीन अर्थ कुरुक्षेत्र की ओर से दिया गया है। विश्वविद्यालय के 13वें युवा महोत्सव का आयोजन विश्वविद्यालय के डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर के तत्वावधान में पिछले वर्ष 7 से 9 नवंबर के बीच किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्पन्न समस्त कचरे का निपटान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुरूप वैज्ञानिक पद्धति से किया गया। गीले एवं सूखे कचरे को स्रोत पर ही अलग-अलग संग्रहित किया गया तथा विश्वविद्यालय स्थित रिसोर्स मैनेजमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी सेंटर में इकोमित्रा टीम द्वारा इसका प्रभावी प्रबंधन किया गया।



हिसार। कुलपति प्रो. नरसी राम को प्रमाण-पत्र सौंपते नोडल अधिकारी।

### विधायक पनिहार ने सुनीं समस्याएं

**हिसार।** भाजपा विधायक रणधीर पनिहार ने कहा है कि केन्द्र व प्रदेश में सत्ता संभालने के बाद भाजपा सरकार ने आम जनता के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की है। इन योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है।

रणधीर पनिहार मंगलवार को पार्टी जिला कार्यालय में आए हुए नागरिकों की समस्याएं सुनकर समाधान कर रहे थे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, कार्यालय प्रमुख सुरेन्द्र सैनी, युवा नेता भूपेन्द्र पनिहार व पार्टी नेता धर्मसिंह खटकड़ सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सीएम ने हर वर्ग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की

*विधायक ने आधा दर्जन गांवों में जन समस्याएं सुनी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, जिनका लोगों को लाभ मिल रहा है। बीपीएल परिवारों में असमय मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता होने की स्थिति में 1 लाख से 5 लाख रूपये तक की दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना लागू करना हो, भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) कानून-2025 के तहत 125 दिन रोजगार और हर सप्ताह मजदूरी दिए जाने को लागू करना हो, लाडो लक्ष्मी योजना शुरू करना हो या फिर किसानों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाने हों मुख्यमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। वे सरसाना, तलवंडी रूक्का, तलवंडी बादशाहपुर, स्याहड़वा, बूरे व नलवा में जनसमस्याएं सुनने के दौरान लोगों से बातचीत कर रहे थे।



हिसार। ग्रामीणों से मुलाकात करते विधायक रणधीर पनिहार। फोटो: हरिभूमि

## डॉ. रवि लेंगे राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के औषधि विज्ञान एवं विष विज्ञान विभाग का छात्र डॉ. रवि यादव वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगा। डॉ. रवि यादव का चयन विकसित भारत युवा नेता संवाद-2026 के अंतर्गत 'सतत एवं हरित विकसित भारत' विषय पर किया गया है। डॉ. रवि यादव ने विकसित भारत युवा नेता संवाद-2026 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।



डॉ. रवि यादव।

महोत्सव का आयोजन 9 से 12 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा। कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने डॉ. रवि यादव को बधाई दी है।

## युवा वर्ग देश की सबसे बड़ी शक्ति : डॉ. काजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

छाजू राम लॉ कॉलेज में "ड्रग फ्री हरियाणा मिशन" के अंतर्गत नशा मुक्ति एवं जन-जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का सफल आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कम चीफ़ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अशोक कुमार एवं जाट शिक्षण संस्थान के प्रेसिडेंट दिलदार सिंह पूनिया, सेक्रेटरी एडवोकेट परविंदर मलिक और कोषाध्यक्ष सागर सिवाच के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित विशेष व्याख्यान में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार काजल ने कहा कि युवा वर्ग देश की सबसे बड़ी शक्ति है और यदि युवा नशे से दूर रहेंगे तो समाज स्वतः ही मजबूत और प्रगतिशील बनेगा। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमारी व डॉ. ज्योति बूरा ने विद्यार्थियों को नशा संबंधित जानकारी दी।




हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## गुजवि के 15 विद्यार्थियों का ग्लैडिफाई एजुटेक में प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से ग्लैडिफाई एजुटेक प्राइवेट लि. के ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के विभिन्न बीटेक कार्यक्रमों सीएसई, आईटी, एआईएमएल, प्रिंटिंग, एमई, ईई तथा एमबीए कार्यक्रमों के 15 विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 68 बीटेक व एमबीए विद्यार्थियों ने भाग लिया। सहायक प्लेसमेंट निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में खुशी यादव, सनी, राहुल, तृप्ति, लक्षिका व सेजल कर्णवाल, देव शर्मा, रोहन डुडेजा व धीरज, अनीता, प्रियंका, शिवम, पूनम देवी, मुस्कान श्योराण तथा पायल सिसोदिया शामिल हैं।

## स्मृति वन पार्क में सुनी तिल कुटी व्रत की कथा



**हिसार।** स्मृति वन पार्क में मंगलवार को हरियाणवी रिवाज ग्रुप ने माघ महीने की कृष्ण चतुर्थी को संकट चौथ के रूप में मनाया। इसे तिल कुटी व्रत भी बोलते हैं। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने गणेश जी और हरिश्चंद्र जी की कथा सुनी और सूर्य देवता को अर्घ्य देकर साथ ही कुछ भजन किए गए। हरियाणवी रिवाज ग्रुप की कांता हुड्डा ने बताया कि इस दिन माताएं अपने संतानों की सुरक्षा और लंबी आयु के लिए पूरा दिन व्रत रखती हैं और शाम को चांद देखकर तिल के साथ व्रत खोलती हैं। इसके साथ व्रत रखने वाली महिलाएं बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेती हैं। इस अवसर पर पुष्पा, बाला, गायत्री, वर्षा, सविता, रेनू, वीना, सीमा, लक्ष्मी, कमला, यशवंती, अनीता, आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005


### हकृवि में कुलपतियों के दो दिवसीय 49वें सम्मेलन का समापन

# आईएयूए का उद्देश्य विवि के उत्कृष्ट कार्यों को सांझा करना : डॉ. मनमोहन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आईएयूए के अध्यक्ष एवं जीबीपीयूएटी पंतनगर के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा है कि कुलपतियों का सम्मेलन केवल एक औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि देश में कृषि शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को नई दिशा देने वाला मंच है। जो अंततः किसानों, विद्यार्थियों और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाता है।

उन्होंने कहा कि देश में 74 कृषि विश्वविद्यालय हैं जो कि कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीक एवं उन्नत किस्म विकसित करने, बागवानी की पैदावार बढ़ाने, पशुपालन एवं मत्स्य पालन संबंधी उन्नत पद्यतियां विकसित करने में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. मनमोहन सिंह मंगलवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यायल में इंडियन एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी एसोसिएशन (आईएयूए) की ओर से आयोजित किए गए दो दिवसीय सम्मेलन के समापन अवसर पर संबोधन दे रहे थे।



हिसार। सम्मेलन में मंथन करते विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं अन्य।

सम्मेलन में देश के कृषि, बागवानी, पशुपालन तथा मत्स्य पालन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि कृषि को लाभकारी बनाने, उत्पादन बढ़ाने, पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तथा नवाचारों को बढ़ावा देना भी इन विश्वविद्यालयों की अह्म जिम्मेवारी बन चुका है। उन्होंने बताया कि आईएयूए का मुख्य उद्देश्य अलग-अलग विश्वविद्यालयों द्वारा किए उत्कृष्ट कार्यों को सांझा करना, कार्यों में आ रही चुनौतियों का हल निकालने के लिए सरकार के साथ तालमेल स्थापित करके समाधान सुनिश्चित करना है ताकि विश्वविद्यालय और अधिक बेहतर ढंग से अपना कार्य कर सकें।

### कृषि शिक्षा पर चर्चा

हकृवि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में कृषि विश्वविद्यालयों की भूमिका के रोडमैप पर सम्मेलन में चर्चा की गई। उन्होंने आईएयूए का धन्यवाद करते हुए कहा कि नवीनतम तकनीकों को एक दूसरे से सांझा करने एवं कृषि संबंधी चुनौतियों का समाधान निकालने में यह सम्मेलन एक सेतु का कार्य करता है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी विश्वविद्यालय आपस में एमओयू के माध्यम से शोध के क्षेत्र में एक दूसरे का सहयोग करें तो इसके और बेहतर परिणाम होंगे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कृषि शिक्षा को समयानुकूल, रोजगारपरक और तकनीक आधारित बनाना है। सम्मेलन में कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के एडीजी डॉ. अजीत सिंह यादव, आईएयूए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. परविंदर कौशल एवं सचिव डॉ. दिनेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर सम्मेलन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, हकृवि के कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी तथा वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

